www.bharatmanthanlive.com
साप्ताहिक e-अखबार | नगर संस्करण | वर्ष 1 | अंक 1
ग्राउंड रिपोर्ट | स्थानीय मुद्दे | जन सरोकार
चैत्र | शुक्ल पक्ष | द्वादश संवत 2083
bharat MANTHAN
30 मार्च, 2026

# भारत मंथन समाचार



RANCHI | JHARKHAND | BIHAR | TECH & BUSINESS | SPORTS & LIFESTYLE

BSE SENSEX: 73,583.22 (-1,690.23 / -2.25%)
NIFTY 50: 22,819.60 (-486.85 / -2.09%)

## लॉकडाउन की अफवाहों पर लगाम: पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों को दिया 'सप्लाई चेन' दुरुस्त रखने का मंत्र



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्रियों के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में लॉकडाउन की तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि देश में लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने राज्यों से 'टीम इंडिया' के रूप में एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया ताकि मौजूदा चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया जा सके।

प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि सरकार की प्राथमिकता आर्थिक स्थिरता, ऊर्जा सुरक्षा और सप्लाई चेन को मजबूत बनाए रखना है। उन्होंने राज्यों को सख्त निर्देश दिए कि वे जमाखोरी और मुनाफाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाएं ताकि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित न हो।

### अफवाहों से बचें: गलत सूचनाओं और अफवाहों को रोकने के लिए सटीक जानकारी के प्रसार पर जोर।

**नो लॉकडाउन: देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा; आर्थिक गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी।**

**आर्थिक स्थिरता और ऊर्जा सुरक्षा सर्वोपरि, राज्यों के साथ मिलकर संकट का समाधान करेगी केंद्र सरकार: प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश के नागरिकों के हितों की रक्षा करना सबसे जरूरी है। उन्होंने ईंधन पर उत्पाद शुल्क (Excise Duty) में कटौती और कमर्शियल एलपीजी के बढ़ते आवंटन का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य के बेहतर तालमेल से ही महंगाई और आपूर्ति की समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है। बैठक में मुख्यमंत्रियों ने भी केंद्र के प्रयासों की सराहना की और अपने राज्यों में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता का आश्वासन दिया।

## धर्म परिवर्तन और आरक्षण: मुस्लिम या ईसाई बनने पर क्यों खत्म हो जाता है SC का दर्जा? सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण कानूनी व्यवस्था के तहत स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति (SC) का दर्जा केवल हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म को मानने वाले व्यक्तियों तक ही सीमित है। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति इस्लाम या ईसाई धर्म अपनाता है, तो वह अनुसूचित जाति के तहत मिलने वाले आरक्षण और अन्य संवैधानिक लाभों का हकदार नहीं रह जाएगा।

क्या है कानूनी आधार? अदालत के अनुसार, अनुसूचित जाति का दर्जा उन ऐतिहासिक सामाजिक विसंगतियों और 'अस्पृश्यता' (Untouchability) की कुरीति के आधार पर दिया गया था जो हिंदू समाज का हिस्सा रही हैं। चूंकि इस्लाम और ईसाई धर्म सैद्धांतिक रूप से समानता की बात करते हैं और वहां 'अस्पृश्यता' को मान्यता नहीं दी गई है, इसलिए इन धर्मों में जाने के बाद व्यक्ति अपना पुराना SC स्टेटस खो देता है। हालांकि, सिख और बौद्ध धर्म को इसके अपवाद के रूप में बाद में संशोधनों के जरिए शामिल किया गया था।

**WAR ALERT**

## ट्रंप का बड़ा दावा: ईरान को दी 10 दिनों की 'मोहलत', ऊर्जा ठिकानों पर 6 अप्रैल तक नहीं होंगे हमले

**वॉशिंगटन/तेहरान:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी तनाव के बीच एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान सरकार की गुजारिश पर उन्होंने उसके ऊर्जा संयंत्रों (Energy Plants) पर होने वाले संभावित हमलों को 10 दिनों के लिए टाल दिया है। यह नई समय-सीमा 6 अप्रैल 2026 की रात 8 बजे तक प्रभावी रहेगी।



ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि ईरान के साथ बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। हालांकि, ईरान ने पहले इन दावों का खंडन करते हुए कहा था कि कोई भी वार्ता उसकी शर्तों पर ही होगी। इस बीच, ट्रंप ने ईरान की ओर से मिले एक 'तोहफे' का भी जिक्र किया, जिसमें ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) से पाकिस्तान के झंडे वाले आठ बड़े जहाजों को सुरक्षित निकलने की अनुमति दी है।

### क्या है होर्मुज जलडमरूमध्य (STRAIT OF HORMUZ)?

यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल व्यापार मार्गों में से एक है। वैश्विक तेल आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। ईरान द्वारा इसे 'मित्र देशों' (भारत सहित) के लिए खुला रखना वैश्विक अर्थव्यवस्था और भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक बड़ी राहत है।





# भक्ति के रंग में डूबी राजधानी: राँची की सड़कों पर उमड़ा रामभक्तों का सैलाब, दिग्गजों ने भी भांजी लाठियां

**राँची:** राजधानी राँची में रामनवमी का पर्व अगाध श्रद्धा और अभूतपूर्व उत्साह के साथ मनाया गया। पूरा शहर 'जय श्रीराम' के जयघोष और महावीर पताकाओं से पट गया। इस बार का जुलूस न केवल अपनी भव्यता, बल्कि वीआईपी चेहरों की सक्रिय भागीदारी के लिए भी चर्चा में रहा। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी आम भक्तों के बीच अखाड़ों में उतरे और पारंपरिक युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया।

अल्बर्ट एक्का चौक के पास रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हाथों में तलवार लिए पारंपरिक अंदाज में तलवारबाजी करते नजर आए, जिसे देख युवाओं का जोश दोगुना हो गया। वहीं, बाबूलाल मरांडी ने भी अखाड़े में लाठी भांजकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव दिखाया। तपोवन मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर भक्तों का ऐसा हुजूम उमड़ा कि तिल रखने की जगह नहीं बची।

### बारिश भी नहीं डिगा सकी रामभक्तों का हौसला, केसरिया रंग में रंगा राँची का हर कोना

मौसम के मिजाज ने परीक्षा ली, तेज हवाओं के साथ बारिश भी हुई, लेकिन राँची के रामभक्तों के कदम नहीं रुके। भीगते हुए भी हजारों श्रद्धालु अपने आराध्य के जयकारे लगाते हुए गंतव्य की ओर बढ़ते रहे।

**जुलूस के खास पल:**

- संजय सेठ का तलवार कौशल: रक्षा राज्य मंत्री ने तलवारबाजी कर मर्यादा पुरुषोत्तम के शौर्य को याद किया।
- बाबूलाल का अखाड़ा प्रेम: पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अखाड़े में लाठी चलाकर परंपरा का मान बढ़ाया।
- तपोवन मंदिर में आस्था: सुबह से ही कतारों में लगे भक्तों ने भगवान राम और संकटमोचन हनुमान के दर्शन किए।
- सुरक्षा के कड़े इंतजाम: प्रशासन की मुस्तैदी के बीच शांतिपूर्ण तरीके से विभिन्न अखाड़ों ने अपने हैरतअंगेज करतब दिखाए।

**राजधानी की प्रसिद्ध रामनवमी शोभायात्रा का इतिहास जितना पुराना है, उतना ही दिलचस्प भी। आज जिस भव्यता और जनसैलाब को हम सड़कों पर देखते हैं, उसका बीज सन् 1929 में बोया गया था। तब राँची में पहली बार रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गई थी।**

## मैदान की रंजिश बनी जान की दुश्मन: बीजेपी नेता के घर 10 राउंड फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में लाइसेंसी राइफल से भी चलीं गोलियां

राँची के सुखदेव नगर में क्रिकेट मैच के विवाद ने हिंसक मोड़ ले लिया। गुरुवार दोपहर अपराधियों ने भाजपा नेता अनिल पांडेय के घर पर हमला बोल दिया। हमले के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी और फायरिंग हुई। सूचना मिलते ही सिटी और ग्रामीण एसपी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इलाके में तनाव को देखते हुए सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

**विवाद का घटनाक्रम:**

- 24 मार्च: ओटीसी ग्राउंड में क्रिकेट खेलने के दौरान युवकों के बीच मामूली कहासुनी हुई।
- बदले की आग: विवाद बढ़ने पर बीजेपी नेता के बेटे के दोस्तों ने एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया था।
- 26 मार्च: इसी रंजिश में हमलावरों ने विकास नगर पहुँचकर पथराव और फायरिंग शुरू कर दी।



## किचन के बाद अब सड़कों पर भी संकट, ₹100 के पार जा सकता है पेट्रोल

मिडिल ईस्ट (मध्य-पूर्व) में जारी युद्ध की आग अब झारखंड के पेट्रोल पंपों तक पहुँच गई है। पेट्रोलियम कंपनियों ने सप्लाई के नियमों में भारी कड़ाई कर दी है, जिससे राज्य में पेट्रोल और डीजल की किल्लत शुरू हो गई है। राँची के कई पंपों पर पिछले 2-3 दिनों से ताले लटके हैं, क्योंकि कंपनियों ने पुराने 'क्रेडिट' सिस्टम को बंद कर 'एडवांस पेमेंट' और 'सीमित सप्लाई' (कैपिंग) की शर्त लागू कर दी है।

कंपनियों के इस कड़े रुख से पंप संचालकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। संचालकों का कहना है कि पहले क्रेडिट पर तेल मिल जाता था, लेकिन अब सीमित कोटा और एडवांस पैसों की मांग के कारण संचालन मुश्किल हो गया है। आने वाले दिनों में कीमतों में भारी उछाल की भी आशंका जताई जा रही है।



## प्रकृति की आराधना: झारखंड में सरहुल की धूम, सीएम हेमंत सोरेन ने पत्नी संग सिरमटोली में की पूजा



**राँची:** झारखंड की समृद्ध आदिवासी संस्कृति का परिचायक 'सरहुल' शनिवार को पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ राँची के ऐतिहासिक सिरमटोली सरना स्थल पहुंचे और पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ हमारे अटूट संबंधों की याद दिलाने वाली महान परंपरा है। उन्होंने समस्त जीव-जंतुओं के अस्तित्व और प्राकृतिक संतुलन को सहेजने का संकल्प दोहराया। पूरे शहर में अखड़ा नृत्य और मांदर की थाप पर थिरकते श्रद्धालुओं ने उत्सव का माहौल बना दिया।

### रांची: प्राइवेट स्कूल फीस पर सख्ती, ₹2.5 लाख तक जुर्माना

रांची में 20 मार्च 2026 को निजी स्कूलों की फीस वसूली पर नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में बनी इस कमिटी के तहत तय सीमा से अधिक फीस लेने पर स्कूलों पर ₹50,000 से ₹2.5 लाख तक जुर्माना लगाया जा सकेगा।

## उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का आज खूंटी दौरा: उलिहातू में भगवान बिरसा को देंगे श्रद्धांजलि, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**खूंटी/रांची:** भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन आज भगवान बिरसा मुंडा की पावन जन्मस्थली, उलिहातू का दौरा करेंगे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। उपराष्ट्रपति उलिहातू स्थित 'बिरसा ओड़ा' में धरती आबा को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे और उनके परिजनों से भेंट करेंगे।




सुरक्षा के मद्देनजर अनुमंडल दंडाधिकारी दीपेश कुमारी ने विशेष आदेश जारी कर उलिहातू और आसपास के क्षेत्रों को 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया है। आज सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक खूंटी मुख्यालय से मुरहू और उलिहातू के 200 मीटर के दायरे में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ड्रोन रूल-2021 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके पश्चात, उपराष्ट्रपति रांची लौटकर IIM रांची के 15वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में वे विभिन्न सत्रों के सात मेधावी विद्यार्थियों को मेडल और उपाधि प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

## QS वर्ल्ड रैंकिंग में IIT-ISM का डंका: माइनिंग इंजीनियरिंग में दुनिया भर में 21वां और देश में पहला स्थान

**धनबाद:** देश के प्रतिष्ठित संस्थान IIT-ISM धनबाद ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता सिद्ध की है। 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स बाई सब्जेक्ट 2026' में संस्थान ने मिनरल और माइनिंग इंजीनियरिंग में वैश्विक स्तर पर 21वीं रैंक हासिल की है। विशेष बात यह है कि इस विषय में संस्थान भारत में लगातार शीर्ष (नंबर-1) पर बना हुआ है।

संस्थान ने पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में भी अपनी पैठ मजबूत की है, जहाँ इसे देश में चौथा और वैश्विक स्तर पर 151-175 के रैंक बैंड में रखा गया है। इसके अलावा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पहली बार संस्थान ने 501-575 के वैश्विक बैंड में जगह बनाकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है।

संस्थान के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह शोध और नवाचार के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता का परिणाम है। बता दें कि 1926 में स्थापित इस गौरवशाली संस्थान ने 2016 में IIT का दर्जा प्राप्त किया था और अब यह अपनी शताब्दी वर्ष की ओर बढ़ते हुए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

## अपनी ही सरकार पर बरसीं अंबा प्रसाद: कहा- 'झारखंड में विधि-व्यवस्था चौपट, रिमोट सरकार के पास तो बैटरी शाह के पास'



**रांची:** कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने अपनी ही गठबंधन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रांची प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए पुलिस प्रशासन और सरकार को आड़े हाथों लिया।

अंबा प्रसाद ने राजधानी रांची में बढ़ती लूट और हजारीबाग में बच्ची की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि झारखंड पुलिस अपराध रोकने में विफल रही है। उन्होंने डीजीपी तदाशा मिश्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा, "पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने के बजाय घर ढहाने में 'सुपर कॉप' बन रही है।"


JMM-BJP के रिश्तों पर तंज: अंबा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा के लोगों की ज्यादा सुनी जा रही है। उन्होंने असम चुनाव का उदाहरण देते हुए गठबंधन की मर्यादा पर सवाल उठाए और कहा कि ऐसा प्रतीत होता है जैसे झामुमो का भाजपा के साथ 'विवाहेत्तर संबंध' चल रहा है।

## हजारीबागमें मासूम से दरिंदगी पर बवाल: भाजपा का 24 घंटे का अल्टीमेटम, सोमवार को हजारीबाग बंद का ऐलान

**हजारीबाग:** विष्णुगढ़ की घटना को लेकर भाजपा ने हेमंत सरकार को घेरा है। कुसुंबा गांव पहुंचे भाजपा नेताओं ने प्रशासन की संवेदनहीनता पर सवाल उठाए। अमर बाउरी ने कहा कि चार दिनों तक शव गांव में पड़ा रहा, लेकिन शासन-प्रशासन का कोई बड़ा अधिकारी सुध लेने नहीं पहुंचा।

भाजपा ने चेतावनी दी है कि यह आंदोलन केवल हजारीबाग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे झारखंड में फैलाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार कोयला और बालू के प्रबंधन में व्यस्त है, जबकि राज्य की बेटियां असुरक्षित हैं। दूसरी ओर, जिला प्रशासन ने मामले की जांच के लिए SIT का गठन कर दिया है। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है।

## लोहरदगा-टोरी रेलखंड पर ट्रेन का सफल ट्रायल: कोयल नदी ब्रिज की मरम्मत पूरी, आज से पटरी पर लौटेंगी ट्रेनें



Ref: (i)RNC/CHG/M/No.35 date. 21.03.2026
(ii)SER ED No. 255/03 date. 21.03.2026
Train movement may please be **Restored** in RNC-LAD-TORI section due to defect in Bridge no- 115 at Km. 64/17-16 bet. NJA-LAD from 04.01.2026 has been **rectified & given fit for traffic use on 27.03.2026**
The trains given as under running on diverted route up to **31.03.2026** via RNC-TIS-MESR-BRKA-TORI instead of RNC-LAD-TORI and via MURI-RMT-BRKA-TORI instead of MURI-RNC-LAD-TORI vice versa may please be restored to normal route from **28.03.2026** are given as under:-
**The following diverted trains may please be restored on normal route via RNC-LAD-TORI instead of RNC-TIS-MESR-BRKA-TORI**

- लोहरदगा रेलखंड पर खत्म हुआ 'ब्रेक', आज से फिर शुरू होगा ट्रेनों का सफर।
- सफल रहा इंजन ट्रायल: कोयल नदी के नए गर्डर पर दौड़ी ट्रेन, यात्रियों को बड़ी राहत।
- रेलवे की बड़ी कामयाबी: समय से पहले दुरुस्त हुआ क्षतिग्रस्त पुल, टोरी लाइन बहाल।

कोयल नदी पर बने रेलवे पुल की मरम्मत का कार्य समय से पहले पूरा कर लिया गया है। शुक्रवार को तकनीकी अधिकारियों की मौजूदगी में इंजन ट्रायल सफल रहा, जिसके बाद शनिवार से रांची-लोहरदगा-टोरी के बीच रेल सेवा बहाल करने का आदेश जारी कर दिया गया है। 4 जनवरी से पुल में दरार आने के कारण यात्री परेशान थे, लेकिन अब स्टील गर्डर लगने के बाद यह रूट पूरी तरह सुरक्षित है। आज से यात्री अपनी पुरानी समय सारणी के अनुसार सफर कर सकेंगे।

## पलामू DPM अनीता केरकेट्टा का कमाल: खेती-किसानी से निकलकर बनीं लाखों महिलाओं का संबल

**पलामू/मेदिनीनगर:** संघर्ष जब संकल्प बन जाता है, तो सफलता की कहानी लिखी जाती है। कुछ ऐसी ही दास्तान है जेएसएलपीएस (JSLPS) पलामू की जिला कार्यक्रम प्रबंधक (DPM) अनीता केरकेट्टा की। गुमला के अति नक्सल प्रभावित कासिरा गांव की रहने वाली अनीता ने अभावों को कभी अपने सपनों के आड़े नहीं आने दिया। आज वह पलामू जिले में करीब 2.63 लाख ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बना रही हैं।

10 किमी पैदल चलकर पूरी की पढ़ाई: छह भाई-बहनों में सबसे छोटी अनीता का परिवार पूरी तरह खेती पर निर्भर था। स्कूल जाने के लिए उन्हें रोजाना 10 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था। उनके माता-पिता भले ही अनपढ़ थे, लेकिन उन्होंने बेटी की शिक्षा में कोई कमी नहीं छोड़ी। इसी का परिणाम है कि अनीता ने संत जेवियर कॉलेज से ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर किया और आज एक बड़े प्रशासनिक पद की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

गुजरात में होंगी सम्मानित: अनीता की इस उपलब्धि को अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। गुजरात में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में देशभर की 41 चुनिंदा हस्तियों के साथ अनीता केरकेट्टा को भी सम्मानित किया जाएगा। उनके नेतृत्व में पलामू की करीब 50 महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं।

## बाबा मंदिर के दान पात्र में मिली पाकिस्तानी करेंसी, सांसद निशिकांत ने सुरक्षा व्यवस्था को बताया 'राम भरोसे'

देवघर: विश्व प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक, बाबा बैद्यनाथ मंदिर के दान पात्र से पाकिस्तानी करेंसी मिलने के बाद सुरक्षा गलियारों में हड़कंप मच गया है। इस घटना ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और विदेशी नागरिकों के प्रवेश को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। देवघर प्रशासन मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच में जुट गया है।

प्रशासन का तर्क: श्रद्धालु हो सकते हैं विदेशी हिंदू देवघर एसडीओ रवि कुमार के अनुसार, मंदिर में अक्सर नेपाल, भूटान और म्यांमार जैसे देशों से श्रद्धालु आते हैं और विदेशी मुद्रा चढ़ावे में मिलती रहती है। उन्होंने संभावना जताई कि पाकिस्तान के सिंध प्रांत या अन्य क्षेत्रों से हिंदू श्रद्धालु अन्य रास्तों (जैसे नेपाल) के जरिए देवघर पहुंचे होंगे। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यदि श्रद्धालु पाकिस्तान से आए थे, तो उनका यात्रा मार्ग क्या था।

सांसद का तीखा हमला: इस मामले पर गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, "बाबा मंदिर की सुरक्षा अब बाबा के भरोसे ही है।" सांसद ने आरोप लगाया कि पिछले सात वर्षों से मंदिर कमेटी की कोई महत्वपूर्ण बैठक नहीं हुई है, जबकि मुख्यमंत्री स्वयं इसके अध्यक्ष हैं। उन्होंने इसे राज्य की प्रशासनिक विफलता और सुरक्षा में बड़ी चूक करार दिया है।

## रांची: फिर गूंजा प्रिंस खान का नाम, कारोबारी को दी 'ठोक' देने की धमकी

कुख्यात अपराधी प्रिंस खान के नाम पर कांके के व्यवसायी मनोज कुमार के पुत्र से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। अपराधी ने व्हाट्सएप मैसेज के जरिए चेतावनी दी है कि यदि फिरौती नहीं मिली, तो उनकी हत्या कर दी जाएगी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि मैसेज में एक पुराने रेस्तरां हत्याकांड का जिक्र करते हुए दहशत फैलाने की कोशिश की गई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर तकनीकी सेल की मदद से नंबर को ट्रेस करना शुरू कर दिया है।

## नीरव मोदी की सारी दलीलें खारिज: लंदन हाई कोर्ट का दोबारा सुनवाई से इनकार, भारत वापसी का रास्ता साफ



**लंदन/नई दिल्ली:** हीरा कारोबारी नीरव मोदी, जिसने अकेले पीएनबी के साथ 6,498.20 करोड़ रुपये की हेराफेरी की है, अब कानून के शिकंजे में कसता जा रहा है। लंदन हाई कोर्ट के किंग्स बेंच डिवीजन ने उसकी उस याचिका को ठुकरा दिया है जिसमें उसने मानवाधिकारों और संभावित दुर्व्यवहार का हवाला देकर दोबारा सुनवाई की मांग की थी।

**मामले के मुख्य बिंदु:**

**सीबीआई की मुस्तैदी:** सीबीआई की एक विशेष टीम सुनवाई के लिए लंदन गई थी, जिसने क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के साथ मिलकर पुख्ता दलीलें पेश कीं।

**भंडारी केस का दांव विफल:** नीरव ने हथियार कारोबारी संजय भंडारी मामले के फैसले को ढाल बनाकर प्रत्यर्पण टालने की कोशिश की थी, जिसे अदालत ने अपर्याप्त माना।

**लंबे समय से कैद:** नीरव मोदी 19 मार्च 2019 से ही ब्रिटेन की जेल में बंद है। उसकी पिछली सभी अपीलें पहले ही खारिज की जा चुकी हैं।

## नेपाल में 'बालेन' युग का उदय: रैपर से प्रधानमंत्री बने बालेंद्र शाह, 47वें पीएम के रूप में ली शपथ | शंखनाद और वैदिक मंत्रों के बीच 'बालेन' का राज्याभिषेक, 107 लामाओं ने किया मंगल वाचन

**युवा क्रांति: पिछले साल के पी शर्मा ओली सरकार के खिलाफ हुए हिंसक 'जेन-जेड' विरोध प्रदर्शनों के बाद बालेन एक नायक के रूप में उभरे।**



**काठमांडू:** नेपाल की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। 'जेन-जेड' (Gen-Z) युवाओं के चहेते और पूर्व रैपर बालेंद्र शाह 'बालेन' ने शुक्रवार को नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। 35 वर्षीय बालेन न केवल नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री हैं, बल्कि वे कार्यपालिका के शीर्ष पद पर पहुंचने वाले मधेश क्षेत्र के पहले नेता भी हैं।

राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने उन्हें दोपहर 12:34 बजे के शुभ मुहूर्त में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बालेन की जीत को भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ युवाओं के आक्रोश की जीत के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बालेन को बधाई देते हुए भारत-नेपाल संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उम्मीद जताई है।

**क्या है 'जेन-जेड' आंदोलन?**

भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ नेपाल के युवाओं (Gen-Z) ने सड़कों पर उतरकर पूर्ववर्ती सरकार को हिला दिया था। बालेन शाह इसी युवा शक्ति और बदलाव की मांग का चेहरा बनकर उभरे हैं।

## स्मार्टफोन खरीदने का है इरादा? तो थोड़ा ठहरिए! अप्रैल में आ रहे हैं 9,000MAH बैटरी और 200MP कैमरे वाले धाकड़ फोन



अगर आप नया स्मार्टफोन लेने की सोच रहे हैं, तो अप्रैल का महीना आपके लिए शानदार विकल्प लेकर आ रहा है। दिग्गज टेक कंपनियां रियलमी, वनप्लस, वीवो और रेडमी अपने नए फ्लैगशिप और मिड-रेंज फोन भारतीय बाजार में उतारने के लिए तैयार हैं। इस बार कंपनियों का मुख्य फोकस 'सुपर बैटरी' (9,000mAh तक) और 'पावरफुल कैमरा' पर है। अप्रैल के पहले हफ्ते में ही कई बड़े लॉन्च होने जा रहे हैं, जो मोबाइल बाजार की परिभाषा बदल सकते हैं।

**क्यों करें इंतजार? (Buyer's Tip)**

अप्रैल में लॉन्च होने वाले इन फोन्स में न केवल लेटेस्ट प्रोसेसर (Snapdragon 8 Elite Gen 5) मिल रहे हैं, बल्कि बैटरी क्षमता में भी भारी उछाल आया है। यदि आप गेमिंग या हैवी फोटोग्राफी करते हैं, तो वनप्लस की 9,000mAh बैटरी और वीवो का 200MP कैमरा आपके अनुभव को बदल सकता है।

- वनप्लस का धमाका: 7 अप्रैल को लॉन्च होने वाले OnePlus Nord 6 में अब तक की सबसे बड़ी 9,000mAh की बैटरी देखने को मिल सकती है। साथ ही इसमें Snapdragon 8s Gen 4 प्रोसेसर होगा, जिसका AnTuTu स्कोर 2.5 मिलियन के पार जाने का दावा है।
- वीवो की कैमरा क्रांति: Vivo V70 FE (फैन एडिशन) पहली बार 200MP कैमरे के साथ आ रहा है। फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प साबित हो सकता है।
- रियलमी का नया अवतार: Realme 16 में पिक्सेल फोन जैसा हॉरिज़ॉन्टल कैमरा मॉड्यूल और 4,200 nits की सुपर ब्राइट स्क्रीन दी गई है, जो तेज धूप में भी स्पष्ट दिखेगी।

## AT1 बॉन्ड विवाद और चेयरमैन का इस्तीफा: क्या संकट में है HDFC बैंक?

**नई दिल्ली:** देश के सबसे बड़े निजी बैंक, HDFC बैंक में उस वक्त हड़कंप मच गया जब इसके पार्ट-टाइम चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने अपने पद से अचानक इस्तीफा दे दिया। पूर्व IAS अधिकारी चक्रवर्ती ने अपने इस्तीफे में बैंक के कामकाज के तरीकों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि बैंक की वर्तमान कार्यशैली उनकी 'नैतिकता और मूल्यों' से मेल नहीं खाती।

इस खबर के बाद शेयर बाजार में बैंक के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई और वे 52 हफ्ते के निचले स्तर पर पहुंच गए। इस्तीफे के साथ ही बैंक ने दुबई और बहरीन शाखाओं में AT1 बॉन्ड मामले में गड़बड़ी के आरोप में तीन वरिष्ठ अधिकारियों को भी पद से हटा दिया है। हालांकि, RBI ने बैंक को 'सुरक्षित श्रेणी' में रखते हुए निवेशकों को भरोसा दिलाया है, लेकिन चेयरमैन के तीखे सवालों ने बैंकिंग जगत में खलबली मचा दी है।

## अमेरिकी इतिहास में पहली बार: डॉलर पर चमकेंगे राष्ट्रपति ट्रंप के हस्ताक्षर

राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा सरकारी कार्यक्रमों और इमारतों के साथ अपना नाम जोड़ने की कड़ी में अब अमेरिकी करेंसी भी शामिल हो गई है। जहाँ प्रशासन इसे अमेरिका की आजादी के 250 साल पूरे होने का जश्न बता रहा है, वहीं विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने इसे 'सियासी ब्रांडिंग' करार दिया है।


**प्रमुख विवाद और तथ्य:**

- परंपरा का अंत: 1861 से चली आ रही अमेरिकी कोषाध्यक्ष के हस्ताक्षर की परंपरा इस फैसले के साथ समाप्त हो जाएगी।
- विपक्ष का हमला: कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजम ने तंज कसते हुए कहा कि अब अमेरिकी नागरिक जानते हैं कि महंगाई (किराया, गैस और राशन) के लिए किसे जिम्मेदार ठहराना है।
- सिक्कों पर भी ट्रंप: हाल ही में एक संघीय कला आयोग ने 250वीं वर्षगांठ के लिए ट्रंप की छवि वाले 24 कैरेट सोने के स्मारक सिक्के को भी मंजूरी दी है।

# IPL इतिहास का सबसे बड़ा धमाका: 1.63 बिलियन डॉलर में बिकी राजस्थान रॉयल्स, काल सोमानी बने नए मालिक

**मुंबई:** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 19वें सीजन से पहले एक ऐसी डील हुई है जिसने खेल जगत के साथ-साथ बिजनेस वर्ल्ड को भी चौंका दिया है। आईपीएल की पहली चैंपियन टीम, राजस्थान रॉयल्स, अब नए हाथों में चली गई है। भारत में जन्मे अमेरिकी व्यवसायी काल सोमानी के नेतृत्व वाले ग्रुप ने इस फ्रेंचाइजी को रिकॉर्ड 1.63 बिलियन डॉलर (लगभग ₹13,500 करोड़) में खरीद लिया है।

यह आईपीएल के इतिहास का अब तक का सबसे महंगा सौदा है। खास बात यह है कि पहली बार किसी आईपीएल टीम का वैल्युएशन 1 बिलियन डॉलर के जादुई आंकड़े को पार कर गया है। इस कंसोर्टियम को अमेरिकी दिग्गज कारोबारी रॉब वाल्टन का भी समर्थन प्राप्त है। इससे पहले इस टीम के मुख्य मालिक मनोज बदाले थे।



## विवादों के घेरे में 'सरके चुनर', मेकर्स ने यूट्यूब से हटाया गाना

संजय दत्त और नोरा फतेही के लेटेस्ट ट्रैक "सरके चुनर" को लेकर अश्लीलता का विवाद गहरा गया है। फिल्म 'केडी द डेविल' के इस गाने की आलोचना सोशल मीडिया पर इतनी तेज हुई कि मेकर्स को इसे यूट्यूब से हटाना पड़ा। बता दें कि यह एक कन्नड़ फिल्म है जिसे हिंदी सहित चार भाषाओं में डब किया गया है। विवाद के बावजूद गाने के क्लिप्स इंटरनेट पर तेजी से शेयर किए जा रहे हैं।




# जब 'खिलाड़ी' से मिलीं भोजपुरी की 'मृगनयनी': अक्षय कुमार संग अक्षरा सिंह की तस्वीर ने इंटरनेट पर मचाया तहलका



**मुंबई/रॉंची:** भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की 'पैन-इंडिया' पहचान बन चुकीं अक्षरा सिंह एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह कोई गाना या विवाद नहीं, बल्कि बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अक्षय कुमार के साथ उनकी एक खास तस्वीर है। अक्षरा ने खुद इंस्टाग्राम पर फोटो साझा करते हुए लिखा— "व्हेन खिलाड़ी मीट्स मृगनयनी... और कहानी अभी बाकी है, सरप्राइज लोडिंग।"

इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर अटकलें तेज हो गई हैं कि क्या अक्षरा जल्द ही अक्षय कुमार के साथ किसी बड़े बॉलीवुड प्रोजेक्ट या म्यूजिक वीडियो में नजर आने वाली हैं। फोटो में अक्षरा ब्लू स्टाइलिश ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, वहीं अक्षय कुमार ग्रीन शर्ट और कैप में अपने कूल अंदाज में दिख रहे हैं। दोनों की इस मुलाकात ने फैंस के बीच भारी उत्सुकता पैदा कर दी है।

## *IPL 2026* से पहले चेन्नई को लगा 'थाला' झटका: शुरुआती मैचों से बाहर हुए धोनी

शुरुआती दो हफ्ते नहीं दिखेंगे माही: आईपीएल 2026 से पहले सीएसके को झटका

- **कारण:** मांसपेशियों में खिंचाव (Muscle Strain)।
- **अवधि:** शुरुआती दो हफ्ते (लगभग 3 मैच) बाहर रहेंगे।
- **वापसी की उम्मीद:** 13 अप्रैल के बाद होने वाले मुकाबलों में वापसी संभव।
- **पहला मुकाबला:** 28 मार्च को चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी बनाम एसआरएच के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत।

# बिजनेस टायकून, पॉप स्टार और अब *RCB* की 'प्रिंसिपल पार्टनर': जानें कौन हैं अनन्या बिड़ला?



**बेंगलुरु/मुंबई:** आईपीएल 2026 के रोमांच के बीच आरसीबी (RCB) खेमे से एक बड़ा नाम चर्चा में है— अनन्या बिड़ला। उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला की बेटी अनन्या न केवल एक सफल उद्यमी हैं, बल्कि अब आरसीबी की प्रिंसिपल पार्टनर के तौर पर भी सुर्खियां बटोर रही हैं। उनके भाई आर्यमन विक्रम बिड़ला को आरसीबी का चेयरमैन नियुक्त किए जाने के बाद से बिड़ला परिवार का प्रभाव क्रिकेट की दुनिया में साफ नजर आ रहा है।

अनन्या की पहचान केवल उनके सरनेम से नहीं है। 17 साल की उम्र में ग्रामीण महिलाओं के लिए 'स्वतंत्र माइक्रोफिन' की शुरुआत करने वाली अनन्या आज ग्रासिम इंडस्ट्रीज और आदित्य बिड़ला फैशन जैसे बड़े बोर्ड्स का हिस्सा हैं। इसके साथ ही वे एक अंतरराष्ट्रीय पॉप आर्टिस्ट भी हैं, जिनके गानों को करोड़ों स्ट्रीम्स मिल चुके हैं।

### अनन्या बिड़ला: एक नजर में

- **शिक्षा:** ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी (अर्थशास्त्र और प्रबंधन)।
- **बिजनेस:** 17 साल की उम्र में पहली कंपनी 'स्वतंत्र माइक्रोफिन' शुरू की। इकाई असाई (Ikai Asai) जैसे डिजिटल वेंचर्स की मालकिन।
- **संगीत:** ग्लोबल पॉप सिंगर, जिनके नाम कई हिट सिंगल्स हैं।
- **समाज सेवा:** 'Mpower' के जरिए मानसिक स्वास्थ्य (Mental Health) के प्रति जागरूकता फैलाती हैं।
- **क्रिकेट कनेक्शन:** आरसीबी की प्रिंसिपल पार्टनर और चेयरमैन आर्यमन बिड़ला की बहन।

**RCB में बिड़ला परिवार की एंट्री:** आईपीएल के 19 वें सीजन में आरसीबी के मालिकाना हक और प्रबंधन में बदलाव के बाद बिड़ला परिवार का दबदबा बढ़ा है। जहाँ आर्यमन बिड़ला टीम की कमान संभाल रहे हैं, वहीं अनन्या बिड़ला अपनी स्वतंत्र पहचान और पार्टनरशिप के जरिए टीम के ग्लैमर और ब्रांड वैल्यू में इजाफा कर रही हैं।